# पैगंबर 1



Published by the Comic Bible Society, LLC
Copyright © 2021

Kingstone Comics maintains copyright to this comic book as provided by United States copyright law.

Print and digital copies of this version may be freely distributed without penalty under a Creative Commons license.




२ राजाओं १५; यशायाह ६:१



--मैंने प्रभु को देखा।
पवित्र! पवित्र! पवित्र!
पवित्र! पवित्र! पवित्र!
प्रभु पवित्र है !
सर्वशक्तिमान् परमेश्वर पवित्र है!
पृथ्वी उसकी महिमा से भरपूर है!
और मैंने देखा प्रभु , ऊँचे पर बिराजमान था।


पवित्र! पवित्र! पवित्र!
प्रभु पवित्र है !
सर्वशक्तिमान प्रभु पवित्र है!
पवित्र! पवित्र! पवित्र!



धिक्कार है मुझपर!
हाय! मैं नाश हो जाऊँगा!!
मैंने प्रभु को देखा है!
मैं ...मैं एक पापों से भरा हुआ व्यक्ति हूँ!
मैं अशुद्ध होंठ वाले लोगों के बीच में रहनेवाला अशुद्ध होंठो वाला एक पापों से भरा व्यक्ति हूं!
लेकिन मैंने सर्वशक्तिमान् प्रभु को देखा है!
पवित्र! पवित्र! पवित्र!
पवित्र! पवित्र! पवित्र!
सर्वशक्तिमान प्रभु पवित्र है, स्वर्गीय सेनाओं का राजा!


उस स्थान पर।
कोयले ने तेरे होठों को छू लिया है।
तेरे अपराध दूर हो गये हैं।
तू पापों से शुद्ध हो गया है।
तब मैंने सुना प्रभु ने पूछा:
तूने जिन लोगों की बात की, मैं किसको उनके पास दूत के रूप में भेजूं?
हमारी ओर से कौन जाएगा?
मैं यहाँ हूं!
मुझे भेज!
जा और उनसे कह लगातार सुनते रहो, और ना समझो!
लगातार देखते रहो, लेकिन महसूस ना करो!
क्योंकि यदि वे लगातार अपने मनों को कठोर और सुस्त और अचेत नहीं रखेंगे तो--

यशायाह ६:१-१०






यशायाह६:१०-१३; यशायाह१


योताम के बाद उसका पुत्र आहाज़ सिंहासन पर बैठा।
हे लोगों, सुनों!
जिसे मैं बहुत प्रेम करता था उसने एक उपजाऊ पहाड़ी के ऊपर एक दाख की बारी लगाई!


उसने पत्थरों को साफ़ किया और अंगूर रौंदने वाले हौद में डाल दिया और सिर्फ सबसे अच्छी अंगूर की दाखलता लगाई।
लेकिन-
उसमें सिर्फ खराब फल ही हुए।
प्रभु कहता है, मैं जो कर सकता था मैंने सबकुछ किया! तौभी मेरी दाख की बारी में खराब फल क्यों उत्पन्न हुए।
इसलिए इसके साथ मैं क्या करूंगा।
मैं इसे पैरों तले कुचल दूँगा। मैं इसे बंजुर जमीन बनी दूंगा।
अंगूरों की जगह कांटे उग आएंगे।


सर्वशक्तिमान प्रभु की दाख की बारी इस्राएल देश है!
यहूदा के लोग अच्छी दाखलता हैं!
प्रभु न्याय के लिए तलाश करता है लेकिन अत्याचार देखता है!
वह धार्मिकता की तलाश करता है लेकिन सहायता के लिए रोने वालों की आवाजें सुनाई देती हैं!


धिक्कार है उन पर जो बुरे को अच्छा कहते हैं, और जो अच्छे को बुरा कहते हैं।
लोगों ने उसके नियमों को त्याग दिया है , और उसके गुस्से को भड़काया है!
हालांकि यशायाह ने लोगों को परमेश्वर की ओर मुड़ने के लिए कहा, आहाज़ मुड़ गया।

यशायाह ५


आहाज़ ने चेतावनी के संदेश को अच्छे से ग्रहण किया....
आरामियों ने एप्रैम में तम्बू खड़े किये हैं।
वे तुझे तेरे सिंहासन से उतारना चाहते हैं।
इसीलिए, उत्तरी राज्य का सचमुच आराम के साथ गठबन्धन हुआ है।
उनकी नियत हम पर उपद्रव करने की है।
यह भयानक बात है। हम क्या करें?
शायद हमारा खुद का एक गठबंधन हो... ?
और प्रभु ने यशायाह से कहा ....
तू और तेरा पुत्र शायोशूब जाकर...
"....धोबियों के खेत के राजमार्ग से उपरी तालाब की नाली के पास आहाज़ से मिल...."
...जो पानी का मुख्य स्रोत है , हमें यह पता करना चाहिए कि यह सुरक्षित है।
आहाज़। देख।
"... और उसे मेरा संदेश दे।"
यह क्या है, यशायाह?
एक आशा का संदेश, राजा आहाज़।
प्रभु कहता है मत डर।


आराम और इस्राएल का उत्तरी राज्य दो सुलगने वाली लुकटियाँ हैं!
वे तेरे विरुद्ध साजिश करते हैं और कहते हैं, “चलो यहूदा पर उपद्रव करें और यरूशलेम की दीवारों को तोड़ डालें।”
लेकिन प्रभु कहता है:
“उनकी योजना सफल नहीं होगी।”
“एप्रैम का प्रधान राजा पेकह है।”
“एप्रैम का अंत नहीं होगा।”
“और यदि तुझे विश्वास नहीं है, तो तू स्थिर नहीं रह पायेगा।”
हमें योजना बनाने की जरुरत है, यशायाह। मैं सिर्फ तेरी बात पर भरोसा नहीं कर सकता!
प्रभु कहते है कि उससे कोई चिन्ह माँग ले!
मैं नहीं मांगूंगा!
मैं प्रभु की परीक्षा नहीं कर सकता!
क्या तू नहीं पूँछ रहा है क्योंकि तू सचमुच उससे जवाब नहीं चाहता है?
प्रभु की ओर से स्वयं एक चिन्ह मिलेगा!
एक बच्चा, कुंवारी के द्वारा उत्पन्न होगा, जिसे इम्मानुएल नाम से जाना जाएगा, इससे पहले कि वह ठोस भोजन खाने की उम्र का हो, वह अच्छे और बुरे को जान जाएगा,
लेकिन ऐसा होने से पहले, आराम और इस्राएल निर्जन हो जाएंगे!
और प्रभु यहूदा पर भयंकर समय लायेगा--
--जैसा किसी ने पहले कभी नहीं देखा होगा! लेकिन यहूदा को सुरक्षित करेगा।
अंधेरे में बैठे हुए लोग एक बड़ी ज्योति देखेंगे।
राजा दाऊद के घराने में एक पुत्र उत्पन्न होगा, और सत्ता उसके कंधों पर होगी।
और उसके राज्य का कभी अंत नहीं होगा।


सामरिया, दमिश्क। हमात और अन्य....
राजा तिग्लत्पिलेसेर ने यहूदा पर बुरी दृष्टि की और धमकाया।
...कलनो, अर्पद, दमिश्क, और सामरिया सभी एक जैसे हैं!
मेरा हाँथ उनकी मूर्तियों और देवताओं से घृणा के कारण उनके राज्यों तक पहुँच गया है!
सामरियों की मूर्तियाँ बहुत बड़ी थीं, और अब--
“--मैं यरूशलेम और उसकी मूर्तियों के साथ वैसा ही करूंगा जैसा मैंने सामरिया और उसकी मूर्तियों के साथ किया था!”
यह तो भयानक है!
हाँ! बहुत भयानक! तुमने सुना तिग्लत्पिलेसेर ने क्या कहा--
--अब सुनो प्रभु क्या कहता है!
“अश्शूर पर विपत्ति आएगी!”
“लेकिन अश्शूर भक्तिहीन राष्ट्र के खिलाफ़ मेरा सजा देने का राजदंड है!”
तू अन्यायी है, और कूटनीति के साथ, जो विधवाओं, अनाथों और जरुरतमंदों को नुकसान पहुँचाता है!”
“तो, दण्ड के दिन तू क्या करेगा? तेरे पास फिर कर आनेवाला कोई नहीं होगा!”
“अश्शूर और अन्य राज्यों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है, जो दुबारा कभी नहीं उठेंगे!”
इसलिए, दाऊद के घराने को भी काट दिया जाएगा!”


लेकिन यिशै के घराने के तने में से, एक शाखा निकलेगी।
प्रभु की आत्मा उस पर होगी।
वह सच्चाई से न्याय करेगा।
वह पृथ्वी पर शान्ति लायेगा।
सारे राष्ट्र यिशै की इस शाखा की ओर फिरेंगे, और सभी लोगों के लिए एक ही झंडा होगा!
प्रभु का दिन आ रहा है!
प्रभु के क्रोध से पृथ्वी हिल जाएगी!
बेबीलोन गिर जाएगा! अश्शूर का न्याय किया जाएगा!
मोआब तबाह हो जाएगा! आराम नष्ट हो जाएगा!
पूरी दुनिया का न्याय किया जाएगा!
क्योंकि पृथ्वी इस पर रहने वालों के कारण अपवित्र और प्रदूषित हो गयी है!
पाप और अपराध का शाप इसे नष्ट कर रहा है!
लेकिन हिम्मत रखो! परमेश्वर बदले के साथ आ रहा है
लेकिन वह तुम्हें बचाएगा!
आनंद के जयकार के साथ प्रभु का उद्धार सियोन से प्रकट होगा!
दुःख और उदासी चली जाएगी!


आहाज़ ने बात को नहीं सुना और इसके बजाये चीजों को अपने हाथों में ले लिया।
इस्राएल और आराम यहूदा के खिलाफ़ युद्ध करने के लिए गये, और आहाज़, परमेश्वर की ओर मुड़ने के बजाय--
--अश्शूर के राजा तिग्लत्पिलेसेर की ओर मुड़ गया।
आहाज़ कहता है कि वह तेरा दास है।
वह पूछता है कि तू उसे आराम और इस्राएल मुक्त कर क्योंकि वे उसके खिलाफ़ उठते हैं।
और आहाज़ ने प्रभु के भवन में पाया जाने वाला सोना और चाँदी व्यक्तिगत रूप से तिग्लत्पिलेसेर के सामने पेश किया।
तिग्लत्पिलेसेर ने आहाज़ के शत्रुओं को जीत लिया।
राजा रसीन को मार दिया गया था और इस्राएल से बहुतों को निर्वासित किया गया था।
और आहाज़ ने प्रभु के बलिदान की वेदी को हटा दिया।
इसके स्थान पर, तिग्लत्पिलेसेर के समान एक मूर्तिपूजक वेदी को रखा गया।
इसके बाद, देश में एक बार और छिप-छिपकर मूर्तिपूजा होने लगी।


आहाज़ मर गया और उसका बेटा हिजकिय्याह सिंहासन पर बैठा।
अश्शूर के धार्मिक और राजनीतिक दोनों संबंधो के खिलाफ़--
--उसने परमेश्वर के साथ राष्ट्रों के सम्बंधों को सुधारने के लिए काम किया।
अश्शूर के सर्गोन ने अशदोद शहर को ले लिया है!
हमें उनकी सहायता करनी चाहिए! अगले हम हो सकते हैं!
एक बार फिर से, प्रभु ने यशायाह को प्रचार करने के लिए एक संदेश दिया
और इसे प्रचार करने का एक तरीका है...
मिस्र और इथोपिया के लोगों के साथ गठबंधन करना सबसे अच्छा है--
नहीं!
यशायाह के संदेश में बुद्धिमानी पायी है!
वह सनकी पागल है!
तीन साल से वह उघाड़ा और नंगे पांव फिरता रहा!
तू उस मुर्ख की बातों के कारण कुछ नहीं कर पायेगा?
उसकी बात-- प्रभु के वचन हैं!-- साधारण हैं लेकिन मूर्खतापूर्ण नहीं!
"जिस तरह से मेरा सेवक यशायाह इन तीन वर्षों में उघाड़ा रहा है, उसी तरह मिस्र और इथोपिया भी लज्जित होंगे!"
"अश्शूर का राजा उन्हें दूर तक खदेड़ेगा, वे शर्मिंदा होंगे क्योंकि वे मिस्र की ताकत पर भरोसा रखते हैं!"
नहीं! कुछ मत करो?
हम अपना भरोसा प्रभु पर रखेंगे, ना कि मिस्र पर!
और हम यहाँ अपनी किलेबंदी का निर्माण करें, बजाय इसके कि अशदोद का बचाव करें!


राजा हिजकिय्याह के चौदहवें वर्ष में अश्शूर के राजा सन्हेरीब ने आक्रमण किया।
उसकी रणनीतिः गढ़वाले शहरों की घेराबंदी करना और लोगों को भूखा रखना, जब तक कि वे आत्मसमर्पण नहीं कर देते।
यरूशलेम में, सेनाध्यक्ष रबशाके ने हिजकिय्याह को बुलाया--
--उसी स्थान पर जहाँ आहाज़ से यशायाह मिला था।
मेरा स्वामी हिजकिय्याह से पूछता है उसका आत्मविश्वास कहाँ से आता है।
क्या तू मिस्र की ताकत पर भरोसा करता है? वे शक्तिहीन हैं।
क्या तू अपने परमेश्वर से सहायता के लिए भरोसा करता है? वह शक्तिहीन है।
हिजकिय्याह तुम्हें मूर्ख बना रहा है!
वह तुम्हें नहीं छुड़ा सकता!
तुम्हारा परमेश्वर तुम्हें नहीं छुड़ा सकता!
यहूदा के लोगों आत्मसमर्पण कर दो और तुम स्वाद भरे फल खा सकते हो और साफ़ और ठंडा पानी पी सकते हो!
और फिर उसने अन्य राष्ट्रों के देवताओं को सूचीबद्ध किया जो सन्हेरीब की ताकत के सामने खड़े नहीं रह पाए थे।
हम सिर्फ विनाश ही करते हैं!
यशायाह के पास जाओ! और पता लगाओ कि प्रभु ने क्या कहा है!
और शोक में हिजकिय्याह ने अपने कपड़े फाड़े।


एल्याकीम, उसके महल का अधिकारी, यशायाह के पास गया.....
हिजकिय्याह पूछता है कि क्या प्रभु ने रबशाके की निंदा को सुना है।
यशायाह, यह एक अंधेरा दिन है।
हाँ, लेकिन हिजकिय्याह के लिए प्रभु का वचन है।
“अश्शूरियों की बातों से भयभीत ना हो।”
“सन्हेरीब एक अफवाह सुनेगाड़
“--मेरे द्वारा उसके कानों में पहुंचेगीड़
“ड़वह उसे घर ले जाएगा, वहां वह तलवार से मार दिया जाएगा।”
इसके तुरंत बाद, हिजकिय्याह ने प्रार्थना की ...
कृपा करके! प्रभु, मेरा रोना सुन!
सन्हेरीब से हमें बचा, ताकि सारे राज्य जान जायें कि तू ही एकमात्र परमेश्वर है!
रबशाके ने एक और निंदा भरा पत्र भेजा।
लेकिन यशायाह ने, भी एक पत्र भेजा।
उसने कहा कि, “वे शहर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे और यहाँ तक कि एक तीर भी नहीं चला पाएंगे।”
“प्रभु कहता है कि, मैं इस शहर की सुरक्षा करूंगा, और इसे बचाऊंगा!”
और वास्तव में, उसी रात--


-- प्रभु के द्वारा एक स्वर्गदूत अश्शूरियों के डेरे में भेजा गया।
उसने १८५,००० को मार दिया जो यरूशलेम की घेराबंदी करे हुए थे।
अपने खिलाफ़ विद्रोहों की अफ़वाहों के कारण सन्हेरीब अश्शूर को लौट गया।
जबकि सन्हेरीब और असीरिया एक क्षेत्र में बीस से अधिक वर्षों तक एक खतरा बने रहे
--हिजकिय्याह को अगली बड़ी घुड़की ज्यादा सांसारिक होने के लिए थी।
प्रभु कहता है कि अपने कार्यों को ठीक कर ले।
इसलिए, यशायाह, क्या मैं मर जाऊँगा?
कृपया, प्रभु । याद कर कि मैं तेरे सामने कैसे चला!
और मैंने वही किया जो तेरी दृष्टि में ठीक था!
यशायाह, हिजकिय्याह से कह कि मैंने तेरी प्रार्थनाओं सुना है और आंसुओं को देखा है।
उससे कह कि मैंने उसके जीवन के पंद्रह वर्ष और बढ़ा दिये हैं।
उससे कह कि मैंने इस शहर को अश्शूरियों से बचा लिया है।


जब हिजकिय्याह बीमारी से ठीक हो गया, तो बेबीलोन के उच्च पदाधिकारियों ने उससे मुलाकत की।
बीमारी और सन्हेरीब की घेराबन्दी पर अपनी जीत का जश्न मना!
हम जानते हैं कि अन्य राष्ट्रों ने तुझे उपहार दिये हैं, लेकिन हमें आशा है कि यह मनभावना होगा!
हिज़किय्याह खुश था, और उसने बेबीलोन से आये हुए लोगों को अपने खजाने में से सब कुछ दिखाया।
और शस्त्रागार।
और तेलों और मसालों के भण्डार।
जब वे चले गये.....
वे कौन थे? वे तुझसे क्या चाहते थे?
वे बेबीलोन से आये थे। मुझे देखने के लिए।
उन्होंने क्या देखा?
मैंने उन्हें इस घर का सब कुछ दिखाया। क्यों?
हिज़किय्याह, प्रभु ने मुझे तुझसे बोलने के लिए कहा है।
उसने कहा है, “वह दिन आएंगे जब सब कुछ तेरे घर में से...
“-- सब कुछ तेरे पिता के घर में से...
“--बेबीलोन में ले जाया जाएगा।”
“यहाँ तक कि तेरे बेटे भी ले लिए जाएंगे।”
जो बात तूने कही है वह प्रभु की ओर से अच्छी है।
मेरे दिनों के में, शान्ति और सच्चाई रहेगी।



यशायाह लगातार भविष्यद्वाणी करता रहा।
उसकी भविष्यवाणियों ने बंधुवाई और सांत्वना की बात की।
और मसीह, सेवक, वह जो आएगा और दुःख सहेगा....
प्रभु कहता है:
"मेरे लोगों को सांत्वना दो, यरूशलेम के पापों को मिटा दिया गया है।"
"एक पुकारनेवाले की आवाज, ' प्रभु के लिए मार्ग तैयार करो।'"
" प्रभु की महिमा प्रगट होगी, और सभी इसे देखेंगे।"
"देखो, मेरा सेवक बुद्धिमानी से राज्य करेगा।"
"वह ऊँचा और अति महान हो जाएगा।"
"लेकिन ऐसा कोई तेज नहीं था जो मनुष्यों को उसके प्रति आकर्षित करता।"
"वह तुच्छ जाना गया और उसका रूप बिगड़ा हुआ था इसलिए वह मुश्किल से एक इंसान की तरह पहचाना जा रहा था।"
"वह हमारे पापों के लिए ही घायल हो गया, और उसके मार खाने के द्वारा, हम चंगे हो गये।"
"उसने अपराधों के बलिदान के रूप में खुद को बलिदान कर दिया।"
प्रभु कहता है, "सुनो और तुम जीवित रहो।"
"मैं तुम्हारे साथ एक अनन्तकालीन वाचा बाँधूंगा, अपना विश्वासयोग्य प्रेम, दाऊद को दिखाऊँगा।"
"छुड़ानेवाला सिय्योन से आएगा, और उनके लिए जो अपने पापों से पश्चाताप करेंगे।"


हिज़किय्याह की मृत्यु हो गयी और उसके बेटे, मनश्शे ने सिंहासन ले लिया।
एक दुष्ट राजा, उसने मूर्तिपूजा को फिर से शुरू करने की अनुमति दी और प्रभु के भविष्यद्वक्ताओं को मौत के घाट उतरवा दिया।
हे प्रभु ! मैं तेरी दया, प्रेम और करुणा की बात करता रहूंगा!
प्रभु , यह ऐसा है जैसे तेरे लोग तुझे कभी जानते ही नहीं थे!
हम अशुद्ध हैं, और यहां तक कि हमारे भले काम भी गन्दे कपड़ों के चिथड़ों की तरह हैं!
हम मिट्टी हैं: तू कुम्हार है!
हमारे पापों को हमेशा के लिए याद ना रख!
याद रख कि हम तेरे लोग हैं!
क्या तू चुप रहेगा?
मैंने विद्रोही जाति के सामने अपने हाथों को फैलाया है।
स्वर्ग मेरा सिंहासन है। पृथ्वी मेरे पैरों की पीढ़ी है....
...लेकिन मैं ऐसे व्यक्ति की तलाश में हूं जिसमें नम्र स्वभाव हो।
यरूशलेम में खुशी आएगी।
और संपूर्ण राष्ट्रों पर जलती हुई आग की तरह न्याय आएगा।
एक नया आकाश और एक नयी पृथ्वी मेरे सन्मुख बने रहेंगे।
तो, क्या तेरे वंशज भी होंगे।
और सारी मानव जाति मेरे सामने आएगी और झुकेगी।
कुछ लोगों के द्वारा ऐसा विश्वास किया जाता है कि मनश्शे ने यशायाह को मार डाला था।
लेकिन यशायाह के जीवन के अधिकतर विवरणों की तरह, उसकी मृत्यु के विवरण भी अज्ञात हैं।






यशायाह ४०:१०-११; लूका ४:१६-२१



उसका नाम यिर्मयाह था।
"विलाप करनेवाले भविष्यद्वक्ता" के रूप में भी जाना जाता है।
विलापगीत लिखने के लिए जाने जानेवाला, वह यहूदा का एक भविष्यद्वक्ता था।
उसने याजकों और राजाओं और आम लोगों को परमेश्वर का वचन प्रचार किया ।
कभी-कभी उन संदेशों को अच्छी तरह से स्वीकार नहीं किया गया था।
यह प्रमुख राजनीतिक भ्रान्ति और मानसिक अशांति का समय था।
अह्ह्ह्ह्ह्ह!!!
धमाका
यहूदा के चारों ओर, साम्राज्य बढ़ गए और गिर गए।
यहूदा में, अगुवे आये और गए।
लेकिन यिर्मयाह अपने दूत कार्य और परमेश्वर के ना बदलने वाले संदेश के लिए अटल बना रहा।


यहां तक कि जब उसे इस तरह की जगहों पर रखा गया।
यह नहीं था कि चीजें कैसी थीं जब उसने शुरू किया।
यिर्मयाह का बुलाया जाना योशिय्याह के शासनकाल के तेरहवें वर्ष के दौरान हुआ था।
योशिय्याह, जिसे एक लड़के के रूप में राजा का ताज पहनाया गया था।
योशिय्याह, जिसने एक जवान व्यक्ति के रूप में परमेश्वर का अनुसरण किया।
योशिय्याह, जिसने मूर्तियों को तुड़वा डाला और मंदिर की फिर से मरम्मत करवाई।



यिर्मयाह का पिता हिल्कियाह, एक याजक था।
यिर्मयाह स्वयं भी एक याजक पद की तैयारी कर रहा होगा।
बेटा, जब तू पढ़ना समाप्त कर ले, तो सूचीपत्रों को दूर रखना ध्यान रखना।
हाँ, पिता जी।
एक राजा प्रभु का अनुसरण करने वाला हो इसका मतलब ये नहीं कि लोग भी करते हों।
इसलिए, प्रभु यिर्मयाह के पास लोगों के लिए एक संदेश लेकर आया....
यिर्मयाह
कौन....कौन है वहाँ!?!
मैं वही हूँ जिसने तुझे तेरी माँ के गर्भ में रचा था।
तेरे जन्म से पहले, मैंने तुझे राष्ट्रों के लिए अपना भविष्यद्वक्ता नियुक्त किया था!
प्रभु, मैं यह नहीं कर सकता!
मैं एक बालक हूँ! मैं नहीं जानता कि किस तरह से लोगों से बात की जाती है....
मत कह कि तू बहुत छोटा है!
जा! लोगों को मेरा वचन सुना!
डर मत, क्योंकि मैं तेरे साथ हूँ!
मैंने अपने वचनों को तेरे मुँह में डाल दिया है!



देख! तू क्या देखता है?
एक उबलता हुआ हण्डा, जिसका झुकाव दक्षिण से उत्तर की ओर है।
हाँ, विपत्ति उत्तर की ओर से आएगी!
इस्राएल विश्वासहीन रहा है! इस्राएल से कह कि मेरे पास लौट आये!
वे तेरा विरोध तो करेंगे, लेकिन तुझसे जीत नहीं पायेंगे...
"... क्योंकि मैं तेरे साथ हूँ!"
प्रभु कहता है, "विश्वासहीन इस्राएल, लौट आ!
"उत्तर से, एक शेर अपनी गुफा छोड़कर बर्बादी लाने और विनाश करने के लिए निकल पड़ा है!"
सालों तक, यिर्मयाह ने परमेश्वर का संदेश सुनाया।
"तुम चोरी करते हो, हत्या करते हो, और मूर्तियों की पूजा करते हो और फिर प्रभु के भवन में आते हो?"
"अपने मार्गों ठीक करो या मेरा गुस्सा इस स्थान पर पड़ेगा!"
"यह देश उजाड़ हो जाएगा!"
"तू वह राष्ट्र है जिसने प्रभु की आज्ञा नहीं मानी है!"
"तूने सुधरने के प्रति प्रतिक्रिया नहीं दी!"




यिर्मयाह १-८, ९



हम उसे उसके संदेश का प्रचार करने से कैसे रोकेंगे?
पेड़ को नष्ट कर और तभी तू उसका फल नष्ट कर पायेगा।
अभी उसे मार दें और उसकी बातों को भी भुला दिया जाएगा....
तेरे घर में अनातोत के कुछ लोग तुझे मारना चाहते हैं।
प्रभु, मैं तेरे कार्य के प्रति वचनबद्ध हूं!
तू सच्चाई से न्याय करता है! उनके मनों को परख और अपना बदला ले....
लेकिन मुझे बता! कि दुष्ट उन्नति क्यों करते हैं?
यह कब तक चलेगा?
मैं अपने लोगों से प्रेम करता हूं, लेकिन मैं उन्हें अपने शत्रुओं के हाथों में दे देता हूं।
लेकिन मैं दया करूंगा।
इस्राएल के चारों ओर के राज्य बदलते और लड़ते रहे, गिरते और उठते रहे।
योशिय्याह ने मिस्र के खिलाफ लड़ाई में खुद को छिपा लिया।
लेकिन मारा गया था।
उसके तीसरे सबसे प्रिय बेटे यहोआहाज को सिंहासन दिया गया था।


यिर्मयाह ११, १२




२ इतिहास ३५:२५; यिर्मयाह १३



यहोआहाज ने तीन महीने तक शासन किया और अपने पिता की बुद्धिमानी और आज्ञाओं को अनदेखा किया।
फिरौन नेको ने उसे बन्दी बना लिया और उसके बड़े भाई एल्याकीम को राजा बना दिया।
फिरौन के आदेशानुसार, एल्याकीम ने अपना नाम बदलकर यहोयाकीम रख लिया।
परमेश्वर ने उरिय्याह को एक संदेश दिया, वह उस संदेश का प्रचार कर रहा था और सिखाता रहा लेकिन लोग उसे मरवाना चाहते थे।
उरिय्याह मिस्र को भाग गया लेकिन दुबारा पकड़ कर यहोयाकीम के पास लाया गया था।
और अब उसे उसके राजद्रोह के लिए प्राणदण्ड दो!!!
प्रभु ने तभी यिर्मयाह को एक संदेश दिया।
लेकिन प्रभु, यह संदेश उरिय्याह बोल चुका है और उसने--
उन्हें सबकुछ बता! कुछ भी मत रख छोड़।
"--यदि तुम मेरे नियमों का पालन नहीं करोगे'
"--यदि तुम मेरे नबियों की नहीं सुनोगे, जिन्हें मैं तुम्हारे पास भजता हूं'
"-तो मैं इस मंदिर और इस शहर को राष्ट्रों के मध्य शापित बना दूंगा!"
रोंको उसे!
यहाँ मंदिर में यह कहने की तेरी हिम्मत कैसे हुई?
तुझे ऐसे शब्दों के लिए मरना ही होगा!
हाँ! उसे मार देना चाहिए!
२ राजाओं २३:३१-३४; यिर्मयाह २६:१-११, २०-२३






यिर्मयाह २६:१२-१९; २२


यहोयाकीम के चौथे वर्ष में...
बारूक, मुझे एक शास्त्री के रूप में तेरी सेवा करने की जरुरत है।
और वहाँ एक और कार्य है.....
बारूक ने परमेश्वर के संदेश को बहुत विस्तार के साथ लिया--
--अगर वे पश्चाताप नहीं करेंगे तो यहूदा पर बहुत बड़ी विपत्तियाँ पड़ेंगी।
मैंने तुझे बताया था कि मुझे एक शास्त्री के रूप में तेरी सेवाओं से अधिक की जरुरत थी।
मुझे मंदिर में अनुमति नहीं है।
तुझे मेरे निवास पर जाने और लोगों के लिए यह पढ़ने की जरुरत है।
मैं? लेकिन....
जबकि लोग उपवास कर रहे हैं तो इन वचनों को पढ़।
शायद वे अपने बुरे मार्गों बदल लेंगे...
बारूक ने ऐसा किया। और तब
प्रभु ने अपने भविष्यद्वक्ता यिर्मयाह के द्वारा यही कहा है!
नौजवान!
यौम मेरे साथ अभी आओ....



बारुक को अधिकारियों के सामने हस्त लेख पढ़कर सुनाने का आदेश दिया गया।
जब उसने पूरा किया....
क्या यिर्मयाह ने यही आज्ञापत्र दिया था?
हाँ।
हम इसकी सूचना राजा को जरुर देंगे।
तू और यिर्मयाह भाग जा। छिपा ले।
राजा को ये वचन सुनने की जरूरत हैं, लेकिन वह खुश नहीं होगा।
हस्त लेखको यहोयाकीम के पास लाया गया और जोर से पढ़ा गया।
और इसके हर एक भाग को पढ़ने के बाद--
--टुकड़े--
--टुकड़े में--
- -यहोयाकीम ने यिर्मयाह के हस्त लेखको नष्ट कर दिया।




यिर्मयाह ৩৬:২৭-৩২; ২৫; ৪৫; ৪৬


बेबीलोन की ताकत बढ़ती गई और यहोयाकीम ने विद्रोह कर दिया। हमलावरों ने हमला करके उसे मार डाला।
जैसा कि यिर्मयाह ने भविष्यद्वाणी की थी, उसे सम्मान या बिना विलाप के दफनाया गया था।
यहोयाकीम का, एक और भाई, सौ दिनों के लिए राजा बना था--
--जब तक कि बेबीलोन ने सिदकिय्याह को ताज नहीं पहनाया।
बेबीलोन के साथ सिदकिय्याह के नियंत्रण में, प्रभु का वचन यिर्मयाह के पास आया।
तू क्या देखता है?
अंजीर! कुछ पके हुए, कुछ सड़े हुए!
बेबीलोन ने तेरे बहुत से लोगों को ले लिया है।
वे लोग इन अच्छे अंजीर की तरह हैं।
मैं उन्हें देख-रेख करूंगा, उनकी सहायता करूंगा और वे इस देश में फिर से लौट आएंगे।
जो यरूशलेम में अभी भी हैं वे इन खराब अंजीरों की तरह हैं।
मैं उन्हें सजा दूंगा। उनका मज़ाक उड़ाया जाएगा और नष्ट कर दिए जाएंगे।
कुछ समय बाद, प्रभु ने यिर्मयाह को अपने कंधों के लिए एक जुए को बनाने और एक और संदेश पहुंचाने के लिए कहा...
राष्ट्र बेबीलोन की सेवा करेंगे!
यदि वे विरोध करेंगे, तो वे अकाल और युद्ध से पीड़ित होंगे!
यिर्मयाह के वचनों और उसे राजा सिदकिय्याह के सामने लाया गया।
तेरे नाट्यशास्त्र का अर्थ क्या है?
प्रभु कहता है कि अपनी गर्दन को बेबीलोन के जूए के नीचे रखो!
कुछ भविष्यद्वक्ता कहते हैं, "बेबीलोन के राजा की सेवा मत कर!"


प्रभु ने उनको नहीं भेजा है। वे झूठे हैं।
वे कहते हैं कि मंदिर में से ली गई वस्तुएं ज़ल्द ही लौट आएंगी।
जो भी बेबीलोन के द्वारा ले लिया गया है वह तब तक वापस नहीं आएगा जब तक परमेश्वर अनुमति ना दे।
बेबीलोन के राजा की सेवा करो और जीवित रहो।
उन झूठे भविष्यद्वक्ताओं की बात मानोगे तो तुम मर जाओगे।
और वे ऐसा करेंगे।
यिर्मयाह ने अपने संदेश को लगातार प्रचार करता रहा, मंदिर में बोलता रहा...
प्रभु ने कहा है कि वह अपने भवन से चोरी की गई वस्तुओं को वापस लायेगा और दो साल के भीतर यहोयाकीन लौटा लायेगा।
उसने कहा कि वह बेबीलोन का जूआ तोड़ देगा।
ये तो बहुत आश्चर्यजनक होगा।
यदि यह सच होता।
एक भविष्यद्वक्ता केवल परमेश्वर द्वारा भेजा जाता है यदि उसकी बातें सच होती हैं।
और मैं कहता हूं कि प्रभु दो साल में बेबीलोन का जूआ तोड़ देगा।
टूटने की आवाज़
तू एक लकड़ी का जुआ तोड़ता है, लेकिन प्रभु राष्ट्रों के ऊपर लोहे का एक जूआ रखेगा।
हनन्याह, तू अपने शब्दों के द्वारा परमेश्वर के खिलाफ़ विद्रोह करने के कारण, एक वर्ष के अन्दर ही मर जाएगा।


साल के सातवें महीने में यिर्मयाह के वचन सच साबित हुए।
हनन्याह के वचन झूठे साबित हुए, क्योंकि बेबीलोन सत्ता में बना रहा।
बेबीलोन की तरफ से दबाव बढ़ने पर, राजा सिदकिय्याह ने यिर्मयाह से पूछने के लिए दूत भेजे:
कृपया! हमारी सहायता के लिए प्रभु से पूछ!
बेबीलोन हमला कर रहा है!
प्रभु पहले हमारी सहायता करते थे! शायद अब भी करेगा!
सपन्याह, प्रभु कहता है, "मैं तेरा परमेश्वर हूं! तुझे अपने हथियार डालने होंगे!"
"यदि तू लड़ेगा, तो बेबीलोन तुझे खत्म कर देगा!"
"लेकिन यदि तू हार मान लेगा, तो तू जीवित रहेगा!"
जब बेबीलोन ने यरूशलेम के विरुद्ध अपनी सेना को तैनात किया, तब यिर्मयाह ने बेबीलोन में रहने वाले यहूदियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक पत्र लिखा।
प्रभु कहता है कि, "बेबीलोन में मकान बना लो। बगीचे लगा लो, शादियां कर लो,
"जिनके बेटे और बेटियां हों! उनके लिए जीवनसाथी ढूंढो"
"तुम सत्तर साल तक बेबीलोन में रहोगे!"
"लेकिन मैं तुम्हें वापस लाऊंगा!"




यिर्मयाह २९:२४-३२, ३४


राजा सिदकिय्याह फिर से पूछता है कि तू हमारी ओर से प्रभु के पास जा।
फिरौन की सेना चली गई है!
और बेबीलोन लौट जाएगा!
यिर्मयाह, तेरी भविष्यवाणियां झूठी हैं, और तेरे वचन लगभग देशद्रोह हैं...
बाद में....
यिर्मयाह, तुम कहां जा रहे हो?
सेनापति यिरिय्याह, मैं कुछ संपत्ति खरीदने के लिए बेंजामिन के प्रदेश में जा रहा हूं।
नहीं! मैंने तेरे वचनों को हमारे राजा और बेबीलोन के बारे में सुना है!
तू बेबीलोन के लोगों में शामिल हो रहा है!
तुझे गिरफ्तार किया जाता है!
অহমৎু ধনড়ঁঃ ঔবৎবসরধয়্ং সবংংধমবং, হড় ড়হব ষরংঃবহবফ ঃড় যরং ঢ়ৎড়ঃবংঃং.
SNAP
उसको पीटागया था--
--और उसे तहखाने की एक कोठरी में रखा गया।
लम्बे समय तक वह वहीं रहा, जब तक .....
राजा सिदकिय्याह ने तेरे लिए भेजा है।

यिर्मयाह ३७:१-१६


तू शहर छोड़ते हुए पाया गया था।
मैं कुछ संपत्ति खरीदने के लिए जा रहा था क्योंकि-
मुझे कोई परवाह नहीं है। मुझे पता है कि तू बेबीलोन को दोष नहीं दे रहा है।
मैं जानना क्या चाहता हूँ--
--क्या मेरे लिए तेरे पास परमेश्वर का कोई संदेश है?
हाँ।
तुझे बेबीलोन के लोगों को सौंप दिया जाएगा।
छि:
मैं बंदीगृह में क्यों हूं? मैंने कोई अपराध नहीं किया है!
कृपया मुझे दुबारा से बंदीगृह में मत भेज! मैं वहाँ मर जाऊंगा!
सिदकिय्याह ने तरस खाया।
पहरे के आंगन में जंजीरों से बाँध दिया गया उसने देखनेवालों को अनुमति दी, लेकिन छोड़ने की अनुमति नहीं दी।
सब आदेशानुसार है?
खरीदारी की जा चुकी है।



एक समय के बाद...
तू हमारी हार के विषय में भविष्यद्वाणी करता रह।
अभी रोक क्यों नहीं देता?
कुछ समय पहले, प्रभु ने मुझे बताया कि मुझे एक आगंतुक मिला है।
मेरा चचेरा। परमेश्वर के कहने के अनुसार वह आया।
वह चाहता था कि मैं बिन्यामीन के प्रदेश में एक खेत खरीद लूं।
मुझे गिरफ्तार करने से पहले मैं वहीं जा रहा था।
इसलिए, मैंने किया। यह सब आधिकारिक है। मेरे पास कागजी कार्रवाई है।
यहाँ पर।
तुम जानते हो क्यों?
इस मिट्टी के घड़े में उस जमीन के लिए दस्तावेज़ सुरक्षित है।
प्रभु कहता है कि यह राष्ट्र जल जाएगा, लेकिन वह अपने लोगों को सुरक्षित रखेगा।
एक दिन, लोग यहां फिर से जमीन खरीदेंगे और बेचेंगे।
प्रभु कहते है, "मैंने पृथ्वी बनाई। पुकारो और मैं तुम्हें उत्तर दूंगा।"
यरूशलेम रेगिस्तान की तरह निर्जीव हो जाएगा।
लेकिन प्रभु कहता है, "मैं अपने लोगों को चंगा करूंगा!"
अन्य राष्ट्रों का कहना है कि परमेश्वर ने हमको अपनी पीठ दिखाई है!
लेकिन परमेशवर को उसकी वाचा याद है!
वह अपने लोगों को फिर से आशीषित करेगा और प्रेम करेगा!



मेरे प्रभु और राजा, बेबीलोन को समर्पण करने के लिए यिर्मयाह की मांग देशद्रोह है!
उसे फांसी दी जानी चाहिए!
मेरा बेटा सच बोलता है!
यिर्मयाह के वचन हमारे लोगों की आशा को खत्म करते हैं!
और हमारे सैनिकों की आशा!
उन्हें आश्चर्य है कि उन्हें लड़ना भी क्यों चाहिए!
मैंने उसे तेरे हाथों में दे दिया।
और इसलिए.....
अब कोई भी तेरी विनाश और उदासी की धूमिल भविष्यवाणियों को नहीं सुनेगा !!!
यिर्मयाह अनदेखा था।
लेकिन उसे भुलाया नहीं गया था।
क्या मुझे छोड़ दिया गया है?
क्या मैं यहां मर जाऊंगा?
बात शहर में फैल गयी थी कि क्या हुआ था।


यिर्मयाह ३८:१-६


राजा सिदकिय्याह, क्या तूने सुना है कि तेरे भविष्यद्वक्ता यिर्मयाह को क्या हुआ है?
यह मुझे चिंतित करता है क्योंकि एक सूखे कुएं में एक आदमी की भूख से मरना एक बहुत बुरी बात है।
एक विदेशी अधिकारी, एबेदमेलेक, इसने तुझे कैसे चिंतित कर दिया है,?
तू क्या चाहता है?
मैं तेरे परमेश्वर का अनुसरण करता हूं।
और मैं परमेश्वर के एक जन की मदद करना चाहता हूं।
और इसलिए....
रस्सियों को गुद-गुदा करने के लिए अपनी बाहों के नीचे कपडे के टुकड़ों को रख ले!
मैं तुझे धन्यवाद देता हूं, एबेदमेलेक।
भयानक चीजें होने वाली हैं।
प्रभु कहता है कि क्योंकि तुम उस पर भरोसा करते हो, तुम सुरक्षित रहोगे और बचोगे ...
सिदकिय्याह ने मांग की है कि तू उसे देखें... अकेले।
मेरे पास तेरे लिए एक प्रश्न है और ईमानदारी की जरुरत है।
क्यों? तू हमेशा की तरह नहीं सुनेगा।
और मैं नहीं बदलूंगा कि मुझे तुझसे क्या कहना है!


प्रभु ने हमें बेबीलोन को देने का फैसला किया है!
यदि तू समर्पण करता है, तो तू परमेश्वर की इच्छा के सामने समर्पण करता है, बेबीलोन को नहीं!
लेकिन मैं डरता हूँ!
अधिकारों के अनुसार यह सिंहासन मेरा नहीं है!
मुझे यहूदियों सहित बेबीलोन को सौंप दिया जाएगा और वे मुझे चोट पहुंचाएंगे या मार देंगे!
नहीं। प्रभु की आज्ञा का पालन करो और सब तेरे लिए अच्छा होगा।
लेकिन अनाज्ञाकारिता, और भी अधिक पीड़ादायक होगी।
मैं इस पर विचार करूंगा। हमने जो बातें की हैं वो किसी को मत बताना।
यिर्मयाह पहरे के आंगन में लौट आया था।
सिदकिय्याह के ग्यारहवें वर्ष में, बेबीलोन की सेनाओं ने अधिकार कर लिया।
सिदकिय्याह ने आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके बजाय, वह भाग गया।
जब उसे और उसके अधिकारियों को पकड़ लिया गया, तो उसकी आंखों के सामने उसके परिवार को मार दिया गया।
फिर उसकी आंखें निकाल दी गईं थी।
उन्होंने याजकों और सलाहकारों और अधिकारियों को बंदी बनाकर शहर और मंदिर को लूट लिया।


लेकिन यिर्मयाह नहीं।
तू हमारे साथ बेबीलोन आने के लिए स्वतंत्र हैं।
मैंने तेरे वचनों को तेरे परमेश्वर से सुना है और वे सच हो गए हैं।
मैं तुझे अंदर ले जाऊँगा। तुझे सुरक्षित रखने के लिए।
नहीं। लेकिन तुम्हारी दयालुता के लिए धन्यवाद।
फिर, मिज़ापा में गदल्याह के पास जाओ।
वह राज्यपाल है जिसे हमने अभी भी यहूदा में रखा है।
इसके बाद, यरूशलेम शहर के लिए विलापगीत की पुस्तक लिखी गई।
"कितना सुनसान शहर है, एक बार लोगों से बहुत भरा हुआ था।"
"वह जो रानी थी अब एक दासी बन गई है।"
"उसके शत्रु अब उसके स्वामी बन गए हैं।"
"उसके बच्चे निवासन में हैं।"
"उसके शत्रुओं ने अपने हाथ उसके खजानों पर रखे।"
"प्रभु का खुद का निवास स्थान बर्बाद कर दिया गया और उसके सभागार को नष्ट कर दिया गया है।"
"उसने राजा और पुजारी दोनों को ही बख्श दिया।"


" प्रभु का क्रोध भड़का हुआ है।"
"हमें याद रखना, प्रभु, और हमारे अपमान को देखना।"
"हमें पुनर्स्थापित कर, प्रभु, और हमें नया बना।"
"मैंने दुःख देखा है।"
"मेरा इधर-उधार भटकना और मेरी आत्मा की मायूसी मुझे याद है।"
"फिर भी, मेरी यादें भी मुझे उम्मीद देती हैं।"
" प्रभु के प्रेम के कारण, हम भस्म नहीं हुए।"
"पुरुषों को प्रभु द्वारा हमेशा के लिए बंद नहीं किया जाता है।"
" प्रभु, मैंने गड्ढे की गहराई से, तेरे नाम से पुकारा है, "
जब मैंने पुकारा तो तू पास आया और कहा, "डर मत।"
यिर्मयाह मिस्पा में अपने देशवासियों के साथ रहने के लिए चला गया।
इसके तुरंत बाद, राज्यपाल गदल्याह की हत्या कर दी गई।
इससे प्रदेश में और भी अशांति फैल गई।
शान्ति के वचनों की तलाश में, लोग यिर्मयाह के पास आए।
प्रभु कहता है कि डरो मत! यहां, परमेश्वर तुम्हें सुरक्षित रखेगा!
लेकिन जो लोग मिस्र के लिए भागते हैं, वे युद्ध, भूख और महामारी के द्वारा नष्ट होंगे।
लोग मिस्र को भाग गए।



मिस्र में वे जल्द ही अन्य देवताओं की उपासना करने लगे।
क्या तुम भूल गए!
तुमने दूसरे देवताओं की उपासना की, और यह तुम्हारे लिए क्या लेकर आया?
हमारी जमीन एक खाली रेगिस्तान बन गई!
अब तुम यहाँ भी वही कर रहे हो !
यिर्मयाह, हम यह नहीं सुनेंगे!
और हम धूप जलाना और स्वर्ग की रानी को भेंट चढ़ाना बंद नहीं करेंगे!
मैं तुझ पर भरोसा करता हूँ।
यहूदा को बेबीलोन को सौंप दिया गया, और तुम्हारा नया घर मिस्र भी होगा!
यहूदा के सभी लोग जो मिस्र में रहते हैं, नष्ट हो जाएंगे।
यह तुम्हारे लिए एक चिन्ह होगा: फिरौन होफ्रा को नबूकदनेस्सर को सौंप दिया जाएगा-
-- जैसा कि सिदकिय्याह के साथ हुआ था!
उसका नाम यिर्मयाह था। विलाप करनेवाला भविष्यद्वक्ता।
वह भ्रान्ति और मानसिक अशांति के समय में रहता था।
साम्राज्य उठे और गिरते रहे। अगुवे आते और जाते रहे।
लेकिन यिर्मयाह अपने मिशन और परमेश्वर के अपरिवर्तनीय संदेश के लिए सही रहा।

"THE BIBLE EXPLAINED
IN EVERY LANGUAGE."








**SUPERBIBLE.TV**